प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

11 अगस्त 2025

बैंकों द्वारा आयोजित पुनः-केवाईसी शिविरों में गवर्नर और उप गवर्नरों का दौरा

वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं की अधिकतम संतृप्ति हेतु बैंक, 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर एक देश-व्यापी अभियान चला रहे हैं, जिसके तहत बैंक खातों का पुनः केवाईसी भी किया जा रहा है। शिविरों का उपयोग दावा न की गई जमा राशि के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने और शिकायतों के निवारण के लिए भी किया जा रहा है। 11 अगस्त 2025 तक, 1.41 लाख से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और 35 लाख से अधिक खातों की पुनः-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। अपेक्षित परिणामों की प्राप्ति में हो रही प्रगति पर सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

चल रहे अभियानों को और गति प्रदान करने के लिए, गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा ने 11 अगस्त 2025 को गुजरात के मेहसाणा के गोज़रिया ग्राम पंचायत में एक शिविर का दौरा किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी और सीईओ के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक और अन्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। दौरे पर, गवर्नर ने बैंक के ग्राहकों, कारोबार प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और शिविर में भाग लेने वाले विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, गवर्नर ने सभी नागरिकों के लिए बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने तथा इन अभियानों के माध्यम से सरकार की विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के कवरेज को और बेहतर बनाने के लिए बैंकों, भारतीय रिज़र्व बैंक और स्थानीय समुदायों के बीच अधिकाधिक समन्वय के महत्व पर बल दिया।

इससे पहले, उप गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव ने 8 अगस्त 2025 को रांची के ओरमांझी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का दौरा किया और पुनः-केवाईसी के अंतर्गत खातों के कवरेज की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक और बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

9 अगस्त 2025 को, श्री स्वामीनाथन जे, उप गवर्नर ने तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के थिरुकंडलम ग्राम पंचायत में आयोजित एक शिविर का दौरा किया। इस अवसर पर इंडियन बैंक और इंडियन ओवरसीज़ बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कार्यपालक निदेशक के साथ-साथ जिला कलेक्टर, भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक और अन्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

अपने दौरे के दौरान, उप गवर्नरों ने ग्राहकों, बैंकरों और कारोबार प्रतिनिधियों से बातचीत की। अपने संबोधन में, उन्होंने केवाईसी के महत्व और ग्राहकों की ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया कि वे निर्बाध और सुरक्षित बैंकिंग सेवाएँ प्राप्त करने के लिए आवश्यकतानुसार बैंक में अपने केवाईसी विवरण अपडेट करें। ग्राहकों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अपना नामांकन कराएं तथा अपनी शिकायतों, यदि कोई हों, के निवारण के लिए उन्हें दर्ज करवाएँ।

ये शिविर 30 सितंबर 2025 तक सभी ग्राम पंचायतों में जारी रहेंगे और बैंक ग्राहकों को सूचित किया गया है कि वे इन शिविरों में प्रदान की जा रही सेवाओं का पूरा लाभ उठाएं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/887